# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– /कु0का0 /2025 दिनांक–14/05/2025

सेवा में

प्रबंधक/प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी.
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
विषयः शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 03/05/2025 में लिए गए निर्णय तथा उत्तर प्रदेश शासन के समर्थ पोर्टल से प्रवेश के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं सभी संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार संपन्न कराई जाएगी–

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ | अंतिम |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करना । | 14.05.2025 | 25.06.2025 |
| 2 | फॉर्म सुधार/शैक्षणिक योग्यता की पुनः प्रविष्टि | 20.05.2025 | 30.06.2025 |
| 3 | ऑनलाइन मेरिट सूची जारी करने की तिथि | 26.06.2025 | 05.07.2025 |
| 4 | स्नातकध्परास्नातक पाठ्यक्रमों में कॉउन्सलिंग(ऑफ लाइन)ध्प्रवेश की तिथि | 01.07.2025 | 10.07.2025 |
| 5 | विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के अध्ययन–अध्यापनध्कक्षारम्भ की तिथि | 14.07.2025 | |

उपरोक्त प्रवेश समय सारणी के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के चरण इस प्रकार होंगे–

**(क) महाविद्यालयों में प्रवेशः**

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी महाविद्यालय में संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की इच्छुक छात्र/छात्राओं को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल https://msdsuadm.samarth.edu.in/ से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए छात्र/छात्रा सर्वप्रथम अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के द्वारा वांछित सूचनाओं को भरकर एवं फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड कर रजिस्ट्रेशन शुल्क रु. 300 /– का भुगतान करेंगे। इसके उपरांत छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय का एक पंजीकरण पत्र (रजिस्ट्रेशन संख्या} प्राप्त होगा । पंजीकरण हो जाने के उपरान्त उपरोक्त पंजीकरण पत्र के साथ छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी महाविद्यालय में उस महाविद्यालय की विहित प्रक्रिया (मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा) पूर्ण करके संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकेगा । महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में महाविद्यालय स्वतंत्र होंगे । प्रवेश प्रक्रिया

Scanned with OKEN Scanner

पूर्ण करने के उपरांत महाविद्यालय प्रवेश लिए हुए सभी छात्र/छात्राओं का डाटा महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल से विश्वविद्यालय को भेज सकेंगे ।

**(ख) विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशः**

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राएं भी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल लिंक https://msdsuadm.samarth.edu.in/द्वारा अपनी लॉगिन आईडी बनाने के उपरांत एवं प्रोफाइल पूरा करने के पश्चात रु.300/– का सफल भुगतान करने पर विश्वविद्यालय के किसी भी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे । इसके लिए अभ्यर्थी पोर्टल पर दिए गए विश्वविद्यालय परिसर का विकल्प चुनेंगे । तदोपरांत सभी शैक्षणिक एवं अन्य जानकारी भरकर वांछित पाठ्यक्रम हेतु रु 300/– ऑनलाइन भुगतान कर प्रवेश के लिए सीधे आवेदन कर सकेंगे । इस शुल्क के साथ किसी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है । एक से अधिक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी प्रत्येक अतिरिक्त पाठ्यक्रम हेतु रु. 300 /– का अतिरिक्त भुगतान करके आवेदन प्राप्त कर सकेंगे। पूरित आवेदन पत्र को प्रिंट कराकर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों आदि की छाया प्रति के साथ अपना आवेदन पत्र विश्वविद्यालय परिसर में बने काउंटर पर जमा करेंगे। इस प्रकार प्राप्त सभी आवेदनों के आधार पर पाठ्यक्रम अनुसार मेरिट सूची अथवा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा । प्रवेश समिति के निर्णय के अनुसार यदि किसी पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या उपलब्ध सीट संख्या के तीन गुना से अधिक होगी तो विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर सकता है । निर्गत मेरिट सूची से काउंसलिंग के द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम में छात्र–छात्राओं का प्रवेश लिया जाएगा। इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु JEE (Mains) में सफल अभ्यर्थियों का AKTU द्वारा संपन्न काउंसलिंग से किया जायेगा और यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो समर्थ पोर्टल पर आवेदन किये हुए योग्य अभ्यर्थियों से भरी जायेंगी । विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in/ पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका से प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner